# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
## Bulletin Part-I
### (Brief summary of proceedings)
## Tuesday, 24 March 2026 / 03 Chaitra 1948 (*Saka*)

**No. 24**
**11.08 AM**

**Sh. Vijender Gupta, Hon'ble Speaker in-Chair**

1. 11.08 AM The Chair greeted Shri Manoj Kumar Shokeen, Hon'ble Member on his birthday.

2. 11.09 AM **Statement by Hon'ble Speaker:**
The Chair requested the Leader of the Opposition and other Members of Opposition to attend the House proceedings and uphold its dignity, stating that their absence was against the decorum of the House.
He stated that the 04 Opposition Members were initially suspended for three days for disruption of the Address of the Hon'ble Lieutenant Governor. However after returning to the House, they again caused disruption of the proceedings and hence they were suspended for the entire session. Since the Session had not been prorogued, they could not attend the proceedings of Budget Session. He stated that he had met the delegation of opposition members led by the Hon'ble Leader of Opposition on this issue on Saturday 21st March 2026 and requested them that they should attend the sitting on 23rd as the House alone could revoke the suspension. He stated that instead of attending the House the Opposition members abstained themselves and were trying to mislead everyone. He condemned the objectionable language used in the letter received from the Leader of the Opposition containing baseless allegations and clarified that only the House could revoke the suspension. He reiterated his request to the Opposition members to participate in the proceedings keeping in view the importance of the budget and in the interest of the people of Delhi.

3. 11.14 AM **ANNUAL BUDGET (2026-27)**
**Presentation of Annual Budget (2026-27) :**
**Smt. Rekha Gupta, Hon'ble Chief Minister/Minister of Finance** presented the Annual Budget of NCT of Delhi for the financial year 2026-27.

4. 01.11 PM **Demands for Grants for the financial year 2026-27 :**
**Smt. Rekha Gupta, Hon'ble Chief Minister/Minister of Finance** presented the Demands for Grants for the financial year 2026-27.
The Chair informed that the same will be considered by the House during the passing of Budget.

5. 01.11 PM **Presentation and Voting on the Supplementary Demands for the financial year 2025-2026 :**
**Smt. Rekha Gupta, Hon'ble Chief Minister/Minister of Finance** presented the Second and Final batch of Supplementary Demands for Grants for the financial year 2025-2026.
The Supplementary Demands were considered demand-wise and passed by voice-vote.

6. 01.21 PM **Appropriation (No.2) Bill, 2026:**
**Smt. Rekha Gupta, Hon'ble Chief Minister/Minister of Finance** introduced the *'The Delhi Appropriation (No.2) Bill, 2026 (Bill No. 06 of 2026)'* with the leave of the House.
The Motion was put to vote and adopted by voice-vote.
The Bill was considered clause-wise.
**Smt. Rekha Gupta, Hon'ble Chief Minister/Minister of Finance** moved that the Bill be passed.
The Motion was put to vote and adopted by voice-vote.

7. 01.24 PM The Chair informed the House that an objectionable email was received this morning on his personal email ID as well as the Assembly Secretariat's email ID.

He stated that the matter is sensitive and related to security of the House and security agencies acted promptly and closely monitored the situation.

He added that the House proceedings commenced on time and asserted that the House will not be intimidated by such threats and will continue to serve the people fearlessly.

8. 01.25 PM **The Chair adjourned the House upto 11.00 AM on Wednesday, 25 March 2026.**

**Delhi**
**24 March, 2026**

**Ranjeet Singh**
**Secretary**

<u>विधान सभा</u>

<u>राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली</u>

समाचार भाग–1

(कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख)

मंगलवार, 24 मार्च, 2026 / चैत्र 03, 1948 (शक्)

संख्या–24

11.08 बजे श्री विजेंद्र गुप्ता, माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए।

1. 11.08 बजे अध्यक्ष महोदय ने श्री मनोज कुमार शौकीन, माननीय सदस्य को जन्मदिन की बधाई दी।

2. 11.09 बजे **अध्यक्ष महोदय द्वारा वक्तव्य :**

अध्यक्ष महोदय ने नेता प्रतिपक्ष तथा प्रतिपक्ष के अन्य सदस्यों से सदन की कार्यवाही में भाग लेने और इसकी गरिमा बनाए रखने का आग्रह किया तथा कहा कि उनकी अनुपस्थिति सदन की मर्यादा के विरुद्ध है।

उन्होंने कहा कि प्रारंभ में प्रतिपक्ष के 04 सदस्यों को माननीय उपराज्यपाल के अभिभाषण में व्यवधान डालने के कारण तीन दिनों के लिए निलंबित किया गया था। तथापि, सदन में पुनः वापस आने के बाद भी उन्होंने कार्यवाही में बाधा उत्पन्न की, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। चूँकि सत्र का सत्रावसान (प्रोरोग) नहीं हुआ था, इसलिए वे बजट सत्र की कार्यवाही में भाग नहीं ले सकते थे।

उन्होंने बताया कि इस विषय पर उन्होंने शनिवार, 21 मार्च 2026 को नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में मिलने आए प्रतिनिधिमंडल से भेंट की थी और उनसे अनुरोध किया था कि वे 23 तारीख को सदन की बैठक में भाग लें क्योंकि केवल सदन ही उनके निलंबन को समाप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि सदन में उपस्थित होने के बजाय प्रतिपक्ष के सदस्यों ने स्वयं को कार्यवाही से दूर रखा और सभी को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से प्राप्त पत्र में प्रयुक्त आपत्तिजनक भाषा और निराधार आरोपों की कड़ी निंदा की तथा स्पष्ट किया कि निलंबन समाप्त करने का अधिकार केवल सदन को ही है। उन्होंने पुनः प्रतिपक्ष के सदस्यों से आग्रह किया कि वे बजट के महत्व को ध्यान में रखते हुए और दिल्ली की जनता के हित में सदन की कार्यवाही में भाग लें।

3. 11.14 बजे <u>वार्षिक बजट (2026–27)</u>

**वार्षिक बजट (2026–27) का प्रस्तुतीकरण :**

**श्रीमती रेखा गुप्ता, माननीय मुख्यमंत्री / वित्त मंत्री** ने वित्त वर्ष 2026–27 हेतु राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया।

4. 01.11 बजे **वित्त वर्ष 2026–27 हेतु अनुदान मांगें :**

**श्रीमती रेखा गुप्ता, माननीय मुख्यमंत्री / वित्त मंत्री** ने वित्त वर्ष 2026–27 हेतु सदन में अनुदान मांगें प्रस्तुत कीं।

अध्यक्ष महोदय ने सूचित किया कि सदन द्वारा इन पर बजट पारित करने के दौरान विचार किया जायेगा।

5. 01.11 बजे **वित्त वर्ष 2025–26 हेतु अनुपूरक अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण एवं मतदान :**

**श्रीमती रेखा गुप्ता, माननीय मुख्यमंत्री / वित्त मंत्री** ने वित्त वर्ष 2025–26 हेतु अनुपूरक अनुदान मांगों का दूसरा तथा अन्तिम भाग प्रस्तुत किया।

अनुपूरक अनुदान मांगों पर मांग–अनुसार विचार किया गया तथा ध्वनि मत से पारित किया गया।

6. 01.21 बजे **विनियोजन (संख्या–02) विधेयक, 2026 :**

**श्रीमती रेखा गुप्ता, माननीय मुख्यमंत्री / वित्त मंत्री** ने सदन की अनुमति से *'दिल्ली विनियोजन (संख्या–02) विधेयक, 2026' (2026 का विधेयक संख्या 06)* को पुरःस्थापित किया।

प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा गया और ध्वनि मत से स्वीकार हुआ।

विधेयक पर खंडवार विचार हुआ।

**श्रीमती रेखा गुप्ता, माननीय मुख्यमंत्री / वित्त मंत्री** ने प्रस्ताव किया कि विधेयक को पारित किया जाये।

प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा गया और ध्वनि मत से स्वीकार हुआ।

7. 01.24 बजे अध्यक्ष महोदय ने सदन को सूचित किया कि आज प्रातः उनकी व्यक्तिगत ईमेल आईडी के साथ–साथ विधानसभा सचिवालय की ईमेल आईडी पर एक आपत्तिजनक ईमेल प्राप्त हुई।

उन्होंने बताया कि यह मामला संवेदनशील तथा सदन की सुरक्षा से संबंधित है और सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत कार्यवाही की तथा स्थिति पर कड़ी नजर रखी।

उन्होंने यह भी कहा कि सदन की कार्यवाही समय पर शुरू हुई और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सदन ऐसी धमकियों से भयभीत नहीं होगा तथा निर्भीकतापूर्वक जनता की सेवा करता रहेगा।

8. 01.25 बजे **अध्यक्ष महोदय ने सदन बुधवार, दिनांक 25 मार्च, 2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित किया।**

दिल्ली
**24 मार्च, 2026**

रंजीत सिंह
सचिव